

रिस्क लेने से पीछे न हटें...
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"
एमपी में धर्मांतरण कराने वालों को...



संडे
पंजाब केसरी
युवा भारत युवा अखबार!
PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom LD ****
रविवार 9 मार्च 2025 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 26 फाल्गुन 2081
Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 42 / अंक : 68
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ संख्या 12+4=16
Ph. : 011-30712200, 45212200

# विमेन एंटरप्रेन्योर्स समिट 2025 का आयोजन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में एडीएसईआई और सीएआईटी द्वारा डायरेक्ट सेलिंग-विमेन एंटरप्रेन्योर्स समिट 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग एक ऐसा क्षेत्र है, जो भारत जैसी पृष्ठभूमि में महिलाओं के लिए एक बहुत बड़ा अवसर लेकर आया है। महिलाओं को दोहरी भूमिकाएं निभानी होती हैं, और हममें वह ताकत है कि हम वह सब कर सकते हैं, जो कोई और नहीं कर सकता। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग की शक्ति अपार है। भारत में इसकी क्षमता 16 लाख करोड़ रुपये तक हो सकती है, लेकिन फिलहाल हम सिर्फ 25 हजार करोड़ तक पहुंच गए हैं। एडीएसईआई के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि इस बार हम 10 हजार महिलाओं के साथ महिला दिवस मना रहे हैं, और अगले साल इसे 50 हजार महिलाओं के साथ मनाएंगे। सीएआईटी के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं ने डायरेक्ट सेलिंग से जुड़कर अपने परिवार को आर्थिक सम्बल देने का सफल प्रयास किया है। सीएआईटी और एडीएसआईसी मिलकर महिलाओं को आर्थिक और समाजिक मजबूती प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं।